तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 बसंत पंचमी पर बाल संस्कार केंद्र में सरस्वती ...



13 धूमधाम से मनाया गया राखी स्कूल में वार्षिक ...




## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस परेड में समिति प्रबंधक अनिल कुमार यादव होंगे सम्मानित



**बेमेतरा।** 26 जनवरी नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में देशभर से 10,000 से अधिक 'विशेष मेहमानों' को आमंत्रित किया गया है, जिनमें किसान, सरकारी योजनाओं के लाभार्थी, और स्वयं सहायता समूहों के सदस्य शामिल हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिला से सेवा सहकारी समिति योजना के तहत 'सहायक समिति प्रबंधक, बारगांव के अनिल कुमार यादव' भी उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित होंगे। लिहाजा मालूम हो कि यह पहल जमीनी स्तर के विकास और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बढ़ावा देने के लिए की गई है, जहाँ प्रमुख सदस्यों का गणतंत्र दिवस पर 'अतिथि' के रूप में सम्मान किया जाएगा। ये वे लोग हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और सरकारी योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपनी पहचान बनाई है। गौरतलब है कि यह सम्मान उनके अद्वितीय प्रदर्शन और समाज, क्षेत्र, राज्य और देश को गौरवान्वित करने के लिए दिया जा रहा है।

### भिलौरी में राम मंदिर स्थापना के द्वितीय वर्षगांठ में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा



**बेमेतरा।** भिलौरी में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर प्रभु श्रीराम जानकी मंदिर से कलश यात्रा के साथ ळ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्राम वासियों सहित महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशंभर मंडल, गौकरण साहू, श्याम चरण साहू, अनुज राम साहू, मेहतर राम साहू, जगराखन साहू विश्वाकांत साहू, प्रभु पटेल बसंत बावरा, धनराज साहू, नोहर साहू, बिश्वनाथ साहू, प्रेमलाल साहू, रामकुमार साहू, टेकराम साहू, लीलू साहू, रोशन साहू, गणपत साहू, हुलास साहू साहू उपस्थित थे। शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। राजा तंतुआय एवं इकेश साहू द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। श्रीराम जानकी मंदिर समिति के अध्यक्ष व व्याख्याता अनुज राम साहू ने सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

# ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प, हर घर जल उत्सव में बदली योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों की कड़ी में ग्राम पंचायत नारधी में जल अर्पण दिवस का आयोजन उत्साह, सहभागिता और व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत 22 जनवरी को विकासखंड बेरला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिला समूह, जल बहिनी, पंचगण एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच रानी टंडन रहीं। ग्राम सचिव विनोद कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, लेकिन इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सामूहिक है। जल स्त्रोतों की सुरक्षा, नल-जल योजना का सतत संचालन और जल का विवेकपूर्ण उपयोग ही आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा की गारंटी है। अतिथियों ने बताया कि जल अर्पण दिवस का उद्देश्य 'हर घर जल' योजना की निरंतरता सुनिश्चित करना, जल संरक्षण, सुरक्षित उपयोग और स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना है। ऐसे आयोजन जल जीवन मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देते हैं और ग्रामीण समुदाय को योजना का संरक्षक बनाते हैं।

### नारधी में मना जल अर्पण दिवस



#### ग्रामीणों ने जल संरक्षण का संकल्प

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। वहीं जल बहिनी द्वारा एफटीके किट से जल गुणवत्ता परीक्षण का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिससे ग्रामीणों को जल जांच की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी मिली। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन की योजनाओं को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम में संचालित जल जीवन मिशन योजना को "हर घर जल उत्सव" के रूप में मनाते हुए ग्राम पंचायत को औपचारिक रूप से हस्तांतरित किया गया।

## भाजपा कार्यालय में हुआ सम्मेलन, 125 दिन रोजगार की दी जानकारी

# वीबीजी राम जी जन-जागरण अभियान को लेकर हुई जिलास्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



वीबीजी राम जी जन-जागरण अभियान के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी जिला भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यशाला में ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी नई पहल वीबीजी राम जी योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नवागढ़ विधायक एवं मंत्री दयाल दास बघेल, रजककार बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री प्रहलाद रजक, भाजपा जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके माध्यम से नए ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। मुख्य वक्ता मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की कमियों को दूर करते हुए योजना को नए स्वरूप में वीबीजी राम जी के नाम से लागू किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण मजदूरों को 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य मंत्री प्रहलाद रजक ने योजना के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार गारंटी के दिनों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मजदूरों को डिजिटल माध्यम से वेतन भुगतान तथा आधार आधारित सत्यापन की सुविधा मिलेगी। साथ ही निर्धारित समय पर काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का भी प्रावधान है। योजना के अंतर्गत सड़कों, जल संरचनाओं सहित अन्य सामुदायिक परि संपत्तियों का निर्माण किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि वीबीजी राम जी योजना से ग्रामीण एवं गरीब वर्ग को लाभ मिलेगा और उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा। प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने भी योजना को श्रमिक वर्ग के लिए उपयोगी पहल बताया।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रनीश रजक,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, तानसेन पटेल, अमरीका निर्मलकर, बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र राजपूत, हरेंद्र वैष्णव, सूर्यकांत देवेन्द्र वर्मा, सेवा राम साहू, बुलाक साहू, स्वंत्र साहू, जिला मंत्री सिंघानिया, गोवेंद्र पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, मोंटी साहू, विनय साहू, योगेश वर्मा, गौरव यदु, आदर्श जोशी,धर्मेंद्र साहू ममता साहू, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, ओमी साहू सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी द्वारा दी गई।

## राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री से मिले डॉ सौरव निर्वाणी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 1947 में देश आज़ाद हुआ, 22 जनवरी को भारत की आत्मा : डॉ निर्वाणी

अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण एवं रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर धर्म स्तंभ काउंसिल, छत्तीसगढ़ के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान डॉ निर्वाणी ने कहा कि भारत 1947 में राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हुआ, लेकिन 22 जनवरी को भारत की आत्मा स्वतंत्र हुई,उसी दिन सनातन राष्ट्र को अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्मस्थल पर पुनः मंदिर और भगवान के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का सौभाग्य मिला।

उन्होंने इसे सनातन गौरव का दिन बताते हुए कहा कि यह हर सनातन राष्ट्रप्रेमी के सदियों पुराने स्वप्न की पूर्णता का दिवस है और इसे पूरे देश में दीपावली की तरह भव्यता और उत्सव के साथ मनाया जाना चाहिए। धर्म स्तंभ काउंसिल के महंत सुरेन्द्र दास ने इस अवसर पर प्रदेश के सभी मठ-मंदिरों को एडवाइजरी जारी कर भोग-प्रसाद, विशेष भंडारे एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से उत्सव मनाने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा प्रदेश भर में मठ-मंदिरों के संरक्षण, संवर्धन और धार्मिक चेतना जागरण को लेकर की जा रही पहलों की सराहना की और इसे सनातन संस्कृति को सुदृढ़ करने वाला प्रयास बताया। इस दौरान उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री के दर्जा प्राप्त संजय श्रीवास्तव, दीपक महस्के , नीलू शर्मा ने भी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा हॉकी स्पर्धा में हुआ बारगांव के चिंताराम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मुड़पार जैसे छोटे गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा होनहार खिलाड़ी



अगर जज्बा, मेहनत और सही मार्गदर्शन हो तो संसाधनों की कमी भी सफलता की राह नहीं रोक सकती — इस कथन को साकार कर दिखाया है विकासखंड बेरला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के कक्षा 11वीं के होनहार छात्र एवं प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी चिंताराम पटेल ने। चिंताराम का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता (अंडर-17 बालक वर्ग) के लिए हुआ है, जो 27 से 31 जनवरी तक झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित होगी। वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले चिंताराम पटेल प्रतिदिन अपने गांव मुड़पार से लगभग 4 किलोमीटर साइकिल चलाकर बारगांव विद्यालय के खेल मैदान में अभ्यास के लिए पहुंचते हैं। व्यायाम शिक्षिका एवं प्रशिक्षक तुलसी साहू के कुशल मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ने चिंताराम की प्रतिभा को निखारते हुए उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत और खेल के प्रति जुनून ने असंभव को संभव कर दिखाया।

#### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

कोरबा में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में चिंताराम पटेल ने अपने शानदार खेल से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में ▶▶| शेष पेज 13 पर

# युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार व आंदोलन की रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मनरेगा कानून में बदलाव के खिलाफ गांव-गांव में चौपाल



जिला युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को राजीव भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने की। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा, जिला युवा कांग्रेस प्रभारी खुशबू वैष्णव एवं प्रभारी अभिजीत तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी जनआंदोलनों और युवाओं को संगठन से जोड़ने की विस्तृत रणनीति पर गहन चर्चा की गई।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने कहा कि युवा कांग्रेस अब केवल कार्यालय तक सीमित न रहकर विभागीय स्तर से लेकर गांव-गांव तक सक्रिय रूप से पहुंचेगी। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से युवाओं, छात्रों, मजदूरों और आम जनता के जनहित मुद्दों की आवाज बुलंद करती रही है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए मनरेगा कानून के खिलाफ जिलेभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद करेंगे और गांव-गांव चौपाल बैठकों के माध्यम से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।

#### छाबड़ा ने किया केंद्र सरकार पर तीखा हमला

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार लगातार आम जनता के अधिकारों को कमजोर करने का काम कर रही है। नया मनरेगा कानून इसका ताजा उदाहरण है, जिससे गरीब और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी मजदूरों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक पूरी मजबूती से लड़ेगी और युवा कांग्रेस इसमें अग्रिम पंक्ति में भूमिका निभाएगी।

#### युवाओं को सौंपी जाएगी जिम्मेदारी

बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर देते हुए यह निर्णय लिया गया कि जो युवा कांग्रेस साथी लगातार कर्मठता, संघर्ष और सक्रियता के साथ संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं, उन्हें आने वाले समय में संगठन में उचित अवसर और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा और युवाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि युवा कांग्रेस ▶▶| शेष पेज 13 पर

## महिलाओं ने की आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरण की मांग

# शराब दुकान के खिलाफ ग्रामीणों के साथ खड़े हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

■ बेरला में प्रस्तावित शराब दूकान के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन तेज



सरदा में प्रस्तावित शराब भट्ठी के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल हुए और उन्होंने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं चिंताएं गंभीरता से सुनीं।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि जिस स्थान पर शराब भट्ठी प्रस्तावित है, वह पूरी तरह अनुचित है, क्योंकि वहां से मात्र 300 मीटर की दूरी पर विद्यालय स्थित है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा, महिलाओं की गरिमा और गांव के सामाजिक वातावरण पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शराब भट्ठी खोलनी ही है, तो उसे गांव और शहर की आबादी से दूर स्थापित किया जाना चाहिए, न कि रिहायशी क्षेत्र या शैक्षणिक संस्थानों के समीप। ग्रामीण महिलाओं ने भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि शराब भट्ठी गांव या शहर के पास खुलने से महिलाओं, बच्चों और पूरे सामाजिक माहौल पर बुरा असर पड़ता है। महिलाओं ने एक स्वर में मांग की कि प्रस्तावित शराब भट्ठी को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए।

#### शांति, एकता और संयम बनाए रखने की करी अपील

योगेश तिवारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस विषय को वे गंभीरता से लेकर जिला प्रशासन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर महोदय एवं डीईओ से चर्चा कर ग्रामीणों की भावनाओं और जनहित को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेने का आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा जनभावनाओं के साथ खड़ी रही है और ग्रामीणों के हित, बच्चों के भविष्य तथा महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी मांगों को शांति, एकता और संयम के साथ रखें, ताकि प्रशासन तक उनकी बात प्रभावी ढंग से पहुंच सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन युवराज गंगा, अमित, लच्छन, महेन्द्र, बीरेंद्र, नारद, सुमन, सुनीता, मनीष, बिजेंद्र, राकेश, भुवन, रवि, कुंती, पवन, दिलेश्वरी, पुरुषोत्तम यादव, मनोज सिन्हा, प्रियांशु सिंह सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने एकजुट होकर शराब भट्ठी को गांव एवं शहर की सीमा से बाहर खोलने की मांग दोहराई।

# शिवनाथ नदी से अवैध सिंचाई पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ग्रीष्मकालीन धान की गैरकानूनी सिंचाई पर बड़ी कार्रवाई



ग्रीष्मकाल में संभावित जल संकट को देखते हुए जल संसाधन विभाग बेमेतरा ने शिवनाथ नदी से हो रहे अवैध जल दोहन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। तहसील बेरला अंतर्गत ग्राम सलधा ताकम एनीकट, ग्राम बूढ़ाजौंग सहित अन्य क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई करते हुए कई अवैध मोटर पम्प पकड़े गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित किसानों द्वारा विद्युत पोल पर कटिया तार जोड़कर अवैध रूप से विद्युत कनेक्शन लिया गया था और उसी के माध्यम से मोटर पम्प संचालित कर शिवनाथ नदी के जल का अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। यह कृत्य जल संसाधन अधिनियम एवं विद्युत अधिनियम दोनों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जल संसाधन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई शासन द्वारा पूर्णतः प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर जल दोहन करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में विभागीय अधिकारी श्री सिहोरे ने दो टूक शब्दों में कहा कि नदी, नालों एवं अन्य जल स्त्रोतों से अवैध जल दोहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### दिशा-निर्देशों का करें पालनः प्रशासन

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई से बचें तथा जल संरक्षण में सहयोग करें। जल संसाधन विभाग द्वारा जिलेभर में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में जल संकट की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## खबर संक्षेप

### रामकथा 25 और 26 को

**रामाटोला।** ग्राम धनडोगरी में श्रीराम कथा एवं लोक कला महोत्सव आगामी 25 एवं 26 जनवरी को रखा गया है। यह आयोजन श्री राम जानकी मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों सहयोग किया गया है। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### स्पर्धा में कट्टापार के विद्यार्थी छाए

**खड़गांव।** जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों सरखेड़ा में किया गया। स्पर्धा में प्राथमिक शाला कटटापार के छात्र छात्राओं ने जीत का परचम लहराया। शाला की महेश्वरी ने सुरीली कुर्सी में प्रथम, रिकेश कुमार ने भी सुरीली कुर्सी में प्रथम स्थान हासिल किया। मीनाक्षी ने 80 मीटर दौड़ में द्वितीय, रिकेश कुमार आदि ने रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी, महेश्वरी आदि ने रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### हनुमान मंदिर का भूमिपूजन आज

**सड़क अतरिया।** सीमेंट फैक्ट्री के विरोध में एकजुट 55 गांव के ग्रामीणों ने किसान अधिकार संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति ने बीते दिनों महापंचायत में विचारपुर पंडरिया मैदान में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्थापित करने का प्रस्ताव किया था। इस मंदिर का शनिवार को 55 गांव के ग्रामीणों की मौजूदगी में भूमि पूजन होगा। समिति के कामदेव जंघेल ने बताया कि फैक्ट्री के विरोध में किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। जब तक यह परियोजना रद्द नहीं हो जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### घिरघोली में मानस महोत्सव आयोजित

**सड़क अतरिया।** ग्राम घिरघोली में श्री सिद्ध बाबा मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस महोत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। पहले दिन पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं प्रदेश तुलसी मानस प्रतिष्ठान के उपाध्यक्ष रोहित जंघेल आदि ने पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 15 ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुती दिया। सभी मंडली को समिति ने सम्मानित किया।

### सरकारी जमीनों पर बेजा निर्माण

**डोंगरगढ़।** शहर में इन दिनों सरकारी जमीन पर कब्जा करने के अलावा अवैध प्लाटिंग बडे पैमाने पर किया जा रहा है। वहीं सरकारी गाईड लाईन को दरकिनार कर कुछ लोग बिना क्लोनाईजर लाईसेंस के जमीन का व्यापार कर रहे है। शहर के चौराहों, नाले किनारे की जमीन पर कब्जा करने के साथ बिना अनुमति के निर्माण किया जा रहा है। वहीं स्वीकृत कार्यों का नेताओं द्वारा दबाव में स्थल परिवर्तन केवल कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने किय जा रहा है। जानकारी के अनुसार जयस्तंभ चौक से मंदिर मार्ग मंदिर और अग्रसेन चौक में अधिकारियों की जानकारी बिना निर्माण को तोड़कर अन्य निर्माण किया जा रहा है। मुख्य सडक ग पर कालोनी विकसित किया जा रहा है वहीं अस्पताल से लगे नाले की आसपास की जमीन पर अवैध मकान बनाया जा रहा है।

## आयोजन : मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत

# बसंत पंचमी पर बाल संस्कार केंद्र में सरस्वती पूजन, विद्यार्थियों में दिखा विशेष उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी माता सरस्वती का विधि-विधान से पूजन, अर्चन एवं आराधना की गई।

प्रातःकाल से ही विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत नजर आया। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह व उमंग देखने को मिला। छात्र-छात्राएं अपने-अपने घरों से पूजन सामग्री जैसे श्वेत पुष्प, माला, नारियल, मिठाई, सरसों के फूल एवं आम का मौर लेकर विद्यालय पहुंचे। वहीं विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं पीले रंग की साड़ी में सुसज्जित होकर बसंत पंचमी की शोभा बढ़ाती नजर आईं। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से विद्या मंत्र का जप किया। इसके पश्चात माता सरस्वती की आरती, पूजा-अर्चना एवं प्रदक्षिणा कर प्रसादी का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख डॉ रेवाराम पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पावन पूजन से माता शारदे अवश्य ही प्रसन्न होंगी और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कामना की कि यह बसंत पंचमी सभी के जीवन में ज्ञान, संस्कार एवं नई उमंग लेकर आए। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने माता सरस्वती से उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता की प्रार्थना की।



### सुरकी स्कूल में धूमधाम से मनी बसंत पंचमी

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सुरकी में विद्या दायिनी मां सरस्वती की जन्मदिवस को बसंत पंचमी के रूप में मनाया गया। बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया।शाला के प्रधान पाठक कृष्णा कुमार सिन्हा के द्वारा कहा कि बसंत पंचमी पर्यावरण में पीले रंग का अभियान और सरसो में फूल लगना को बसंत ऋतु का संकेत के बारे में संक्षिप्त परिचय देते हुए सबको बसंत पंचमी की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी गई। शिक्षक रामचेत पाल ने बसंत पंचमी के बारे में बताया कि बसंत को ऋतुराज भी कहा जाता है। बसंत अर्थात वह ऋतु जिसमे खुशबू की महक में पुष्प का परचम लहराता है। वन का वैभव, उपवन का उल्लास, और हरियाली का अनुभव किया जा सकता है। बसंत को मौसम के माथे पर प्रसन्नता की पगड़ी ने कोयल का कुहकना को बसंत ऋतु का आगमन बताया। इस अवसर पर शाला के सभी बच्चे एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के रूप में नजर आई नन्हीं बालिका



**साजा/बेमेतरा।** प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में बसंत पंचमी पर नन्हीं बालिका लीशा निर्मलकर को स्वयंसेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर ने मां सरस्वती के वेशभूषा में तैयार की और मुख्य प्रवेश द्वार से पूजा अर्चना करते कार्यक्रम स्थल तक लाया। मां सरस्वती की वीणा कक्षा छठवीं के छात्र लक्ष्य निर्मलकर और कौशल सिन्हा सातवीं ने मिलकर बनाया। सभी ने सरस्वती वंदना गाकर आरती की। प्रधान पाठक धनेश रजक ने बच्चों को बताया इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। यह भी कहा जाता है कि इस दिन विद्या की देवी माने जाने वाली मां सरस्वती प्राकट्य हुई थी। विद्या आरंभ संस्कार बच्चों के लिए शिक्षा संस्कार की शुरुआत के लिए यह दिन शुभ व सर्वश्रेष्ठ माना जाता है, जिसे विद्या आरंभ कहते हैं। इस दिन पीले रंग को अत्यंत शुभ माना जाता है, क्योंकि ऊर्जा ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर ने बसंत पंचमी मां सरस्वती प्राकट्य दिवस पर विस्तार से बताया और कहा मां सरस्वती वीणा वादिनी ज्ञान दायिनी है, विद्यामंदिर की देवी है सो बच्चों अच्छे मन से पूजा अर्चना करें। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनेश रजक, शिक्षक तारकेश्वर निर्मल, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत,गुनिता यामिनी निर्मलकर और विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

### डीहपारा बासीन में मनी बसंत पंचमी



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन संकुल केन्द्र मोहगांव विकासखंड साजा में बसंत पंचमी , मनाया गया। सबसे पहले ज्ञान दायनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना व सरस्वती वंदना किया। प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बसंत पंचमी पर बच्चों को बताया कि माघ मास की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। पंचमी के दिन विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की जाती है बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है यह दिन विशेष रुप से विद्यार्थीयों के लिए ज्ञान और विद्या के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। देवी सरस्वती जी को बुद्धि वाणी और शिक्षा की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। शाला परिवार ने बच्चों को चाकलेट वितरण कर अच्छे नागरिक बनने खुब पढ़ने लिखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिक्षिका सीमा रानी देवांगन सहित जमुना ठाकुर, तीरिथ बाई, पुन्नी लाल ठाकुर शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

### सिंघौरी स्कूल में बसंत पंचमी सहित सुभाष चंद्र बोस जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में बसंत पंचमी का पर्व बड़ी धूमधाम से जहां मनाया गया । वही महापुरुष सुभाष चंद्र बोस की जयंती भी मनाई गई।प्रधान पाठक सहित शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर एवं सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार कर्मा, सुआ,ददरिया एवं देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। बसंत पंचमी पर्व एवं सुभाष चंद्र बोस जयंती के संबंध पर बच्चों द्वारा शानदार चित्रकला भी बनाया गया।संस्था प्रमुख सरस्वती साहू ने बताया कि पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी और तभी से इस वरदान के फलस्वरूप भारत देश में वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की भी पूजा होने लगी जो कि आज तक जारी है।वही संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस (नेताजी) एक महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनका जन्म 23 जनवरी, 1897 को कटक में हुआ था, जिन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत को आजाद कराने के लिए 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा दिया, और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, हालांकि 18 अगस्त, 1945 को एक विमान दुर्घटना में उनकी रहस्यमय तरीके से मृत्यु हो गई। विद्यालय की ओर से भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। उक्त कार्यक्रम पर संजय प्यासी प्राचार्य सहित रामगोपाल चंद्राकर,शशिकला यादव,प्रतिभा,देवेंद्र साहू नुतेश्वर चंद्राकर,प्रशांत बघेल, किरण खरे एंव पूनम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नुतेश्वर चंद्राकर द्वारा किया गया।

# बेमेतरा में हुई 24वीं मानस गान प्रतियोगिता, 25 मानस मंडलियों ने दिखाई सांस्कृतिक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पुरुष व महिला वर्ग में विजेताओं की रही धूम



जय मां शीतला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी नयापारा भिलौरी के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन विगत 24 वर्षों से निरंतर धार्मिक व सांस्कृतिक परंपरा के रूप में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से कुल 25 मानस मंडलियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान जय बजरंग मानस मंडली जनकपुर (खिलोरा) ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान ओम आदित्य मानस मंडली रिसाली भिलाई, तृतीय राम रसिया मानस मंडली चमारी, चतुर्थ जय गंगा मां मानस मंडली चंडी आश्रम तथा पंचम जय शीतला मानस मंडली बेरलाकला रही। महिला वर्ग में प्रथम स्थान हे शारदे संपूर्ण बालिका मानस मंडली रणजीतपुर को मिला। द्वितीय ममता मानस मंडली नवागढ़, तृतीय मां गौरी बालिका मानस मंडली अरौद एवं चतुर्थ सीताक्षी महिला मानस मंडली सिंगदेही रही। विशेष पुरस्कारों में श्रेष्ठ व्याख्या का सम्मान जय बजरंग मानस मंडली जनकपुर को, श्रेष्ठ हारमोनियम वादन श्री राम मानस मंडली कुण्डेल को, श्रेष्ठ तबला वादन आदर्श मानस मंडली भरचट्टी को तथा श्रेष्ठ अनुशासन का पुरस्कार सीताराम मानस मंडली तेलावत को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलश सजाओ, आरती थाल सजाओ एवं रंगोली सजाओ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक डॉ. रिझन सिंह सेन एवं जिला अध्यक्ष अनिल रजक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में दुकालू राम साहू एवं बलदेव साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष दुकालू राम साहू, उपाध्यक्ष जगन्नाथ साहू, संचालक बलदेव साहू, सचिव संतोष साहू सहित समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

राम मंदिर वर्षगांठ पर भद्रकाली तालाब बना आस्था का केंद्र

# दीपों से सजी गंगा आरती, राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर शहर हुआ आलोकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गंगा आरती में उमड़ा जनसैलाब



अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर बेमेतरा शहर आस्था, श्रद्धा और दीपों की रोशनी से सराबोर हो उठा। शहर के ऐतिहासिक मां भद्रकाली तालाब परिसर में शनिवार शाम ठीक 7 बजे भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया, जहां 16 हजार से अधिक दीपों की लौ से पूरा तालाब और आसपास का क्षेत्र जगमगा उठा। दीपों की झिलमिल रोशनी और मंत्रोच्चार के बीच शहर का वातावरण पूरी तरह राममय हो गया। दीपों की कतारों से सजे तालाब, भक्तिमय संगीत और रामनाम के जयघोष के बीच भद्रकाली तालाब का दृश्य अत्यंत मनोहारी रहा।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहरभर से सैकड़ों राम भक्तों ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने तालाब की परिक्रमा करते हुए दीप प्रज्वलित किए, जिससे मां भद्रकाली तालाब दीपोत्सव का भव्य स्वरूप धारण कर गया। सामूहिक गंगा आरती के दौरान शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और वैदिक मंत्रों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देर रात सुनील सिहोरे की मधुर भक्ति गीत पर रामभक्त झूम उठे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि आज का यह क्षण ऐतिहासिक है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं, बल्कि भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर मां भद्रकाली तालाब में गंगा आरती का आयोजन हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। हम वह पीढ़ी हैं, जिसने इस ऐतिहासिक क्षण को साक्षात देखा है।

#### शहरभर में हुए धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन

गौरतलब है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर शहरभर में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुए। इनमें मां भद्रकाली तालाब में दीपदान, गंगा आरती एवं मानस गायन प्रमुख रहे। इन सभी आयोजनों को सफल बनाने में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर आयोजन की अंतिम व्यवस्था तक वे लगातार दिन-रात सक्रिय रहे। कार्यक्रम को लेकर पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि"हिंदू संगठनों और कार्यकर्ताओं की वर्षों की तपस्या, संघर्ष और एकजुटता के परिणामस्वरूप ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा संभव हो सकी थी । यह आयोजन उसी संकल्प और आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए भविष्य में इसे और भव्य रूप देने की अपेक्षा जताई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू,पुलिस अधिक्षक राम कृष्ण साहू,राजेंद्र शर्मा, हर्ष तिवारी,प्राणीश रजक,योगेश वर्मा ,मोंटी साहू अमरीका निर्मलकर युगल देवागन प्रज्ञा निर्वानी राजेश शर्मा गौरव साहू नीतूकोठारी लक्की, रीता पांडेय, ललिता साहू सभी जनप्रतिनिधि ,सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
Care With Confidence
NABH
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में हुआ दशम वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में दशम वार्षिकोत्सव का सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति और अनुशासन की त्रिवेणी का सजीव स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीएवी सीजी ज़ोन–डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. बी. पी. साहू रहे, जबकि अध्यक्षता ग्राम पंचायत जांता की सरपंच पूजा देवव्रत मिश्रा ने की। विशेष अतिथियों में मीनाक्षी दानी चंद्राकर (जनपद सभापति), प्रमोद वर्मा (जनपद सभापति) सहित आसपास के सरपंचगण, बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, दीप प्रज्वलन, माता सरस्वती की वंदना, छत्तीसगढ़ राज्य गीत एवं डीएवी गान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर सामूहिक गायन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों ने पूरे पंडाल को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य पी. एल. जायसवाल ने स्वागत उद्बोधन देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणामों, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं नवाचारों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार एवं आधुनिक तकनीक के समन्वय से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, सर्वोच्च उपस्थिति व अनुशासन के लिए चयनित छात्र, जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, नासा ओलंपियाड, नवाचार एवं वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी झलकती रही। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक व नैतिक संदेशों से ओतप्रोत नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। ऊर्जा संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, फास्ट फूड के दुष्प्रभाव, नारी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, अनेकता में एकता, भारतीय त्योहारों की सांस्कृतिक झलक, भक्ति गीत, द्रौपदी चीरहरण एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसे विषयों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बी. पी. साहू ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, मंच कौशल एवं सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

**सरपंच ने की विद्यालय की सराहना:** अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच पूजा देवव्रत मिश्रा ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अंत में वरिष्ठ शिक्षक ललित देवांगन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। पूरे आयोजन में अनुशासन, सौहार्द और उत्साह का वातावरण बना रहा।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग–धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411